

टी20 लीग में शामिल करने को उत्सुक

38 वर्षीय युवराज सिंह के मैनेजर जेसन वॉर्न ने द ऐज को बताया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भारतीय स्टार युवराज सिंह को अपनी इस टी20 लीग में शामिल करने को उत्सुक है। हम सीए के साथ मिलकर इस पर काम कर रहे हैं। युवराज सिंह ने इंटरनेशनल क्रिकेट से अपने संन्यास के समय ही यह साफ कर दिया था कि वह अब अपनी बची हुई क्रिकेट विदेशी टी20 या टी10 लीग में खेलकर पूरा करना चाहते हैं।

## कनाडा टी20 लीग के बाद अब बिग बैश लीग में खेलना चाहते हैं युवराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह की निगाहें अब ऑस्ट्रेलिया की फेमस टी20 लीग बिग बैश लीग पर हैं। युवी के मैनेजर जेसन वॉन ने संकेत दिए हैं कि इस ऑलराउंडर खिलाड़ी की बिग बैश में एंट्री की बात चल रही है। अगर सबकुछ सही रहता है, तो इस लीग में खेलने वाले युवराज पहले भारतीय खिलाड़ी होंगे। इस सीजन 3 दिसंबर से 6 फरवरी के बीच बीबीएल का 10वां सीजन शुरू होगा और अभी तक इस लीग में कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं खेला है। भारतीय खिलाड़ियों के विदेशी लीग में न खेलने के पीछे सबसे बड़ा कारण बीसीसीआई का अपने खिलाड़ियों को एनओसी नहीं जारी करना है। भारतीय बोर्ड अपने खिलाड़ियों को तब तक NOC जारी नहीं करता है, जब तक वे भारतीय टीम और आईपीएल से रिटायर न हो चुके हों। 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 के वर्ल्ड कप विजेता इस खिलाड़ी की अपने दौर में सीमित ओवर फॉर्मेट में तूती बोलती थी। टीम इंडिया और आईपीएल से रिटायरमेंट लेने के बाद युवराज कनाडा की ग्लोबल टी20 लीग और आबू धाबी टी10 लीग में खेलते दिखाई दिए थे।

# एनआईएस के भोजन में मिला नाखून, हिमा दास ने की शिकायत

### रिजिजू ने साई अथॉरिटी को फर्राटा धावक से बात करके मामला सुलझाने को कहा

**अनदेखी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत का प्रतिष्ठित खेल संस्थान नेताजी सुभाष नैशनल इंस्टिट्यूट, पटियाला एक बार फिर गलत कारणों से चर्चा में है। स्टाफ मेम्बर्स द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग की अनदेखी के बाद ओलिंपिक जाने वाले दो बॉक्सर्स द्वारा क्वॉरनटीन के नियम तोड़ने की खबर सामने आई। अब ताजा मामला फर्राटा धावक हिमा दास और कुछ अन्य ऐथलीट से जुड़ा है।

सूत्रों के मुताबिक कुछ ऐथलीट्स ने इंस्टिट्यूट के मेस में खराब क्वॉलिटी के भोजन पकाने और सर्व करने की शिकायत की है। यह घटना अगस्त के मध्य की है। उन्होंने ऐथलीट्स ने रसोई की साफ–सफाई को लेकर भी विरोध किया है। इस घटना के बाद के बाद स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ऐक्शन में आ गया है। उसने फूड इंस्पेक्शन कमिटीश का गठन किया है। यह कमिटि इस बात की जांच करेगी कि क्या भोजन की क्वॉलिटी ऐथलीट्स की जरूरत के हिसाब है अथवा नहीं। वहीं SAI ने हालांकि इस पूरी घटना का ब्यौरा नहीं दिया है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि हिमा ने अपने भोजन में नाखून मिलने की शिकायत की थी। असम की इस स्प्रिंटर ने अपने मोबाइल से भोजन की तस्वीर लेकर NIS प्रशासन को भेजी थी। सूत्रों का कहना है कि हिमा ने इस मसले को खेल मंत्री किरन रिजिजू के साथ भी उठाया है।




रिजिजू ने SAI अथॉरिटी को फर्राटा धावक से बात करके मामला सुलझाने को कहा है। साई के डायरेक्टर जनरल, संदीप प्रधान, साई के सचिव रोहित भारद्वाज और अन्य अधिकारियों ने वर्चुअल रिव्यू मीटिंग की जिसमें हिमा और शिकायत करने वाले ऐथलीट्स शामिल हुए थे। सूत्रों ने यह भी कहा कि ऐथलीट्स ने अन्य शिकायतें भी की थीं जिसमें खाने में बाल मिलने की शिकायत की थी। उनकी यह भी शिकायत की थी कि किचन स्टाफ हाथों पर छींक कर न तो अपने हाथ धो रहे थे और न उन्हें सैनेटाइज कर रहे थे। NIS के एग्जिक्यूटिव निदेशक राज सिंह बिश्नोई ने क्वॉरनटीन का नियम तोड़ने पर बॉक्सर्स को फटकार भी लगाई थी। साई ने बयान जारी कर बताया कि घटना के बाद विस्तृत एसओपी जारी किए हैं ताकि मैटेरियल की सप्लाई की क्वॉलिटी को चेक किया जा सके।

साई ने बयान जारी कर कहा, कुछ ऐथलीट ने अगस्त के मध्य में NS NIS पटियाला में खाने की खराब क्वॉलिटी को लेकर सवाल उठाए हैं। इस बयान में हिमा के हवाले से कहा गया है, हमारी परेशानियों को फौरन सुना गया। हमने कहा था कि यहां बन रहे खाने से हम खुश नहीं हैं। और जैसे ही हमने इस मुद्दे को उठाया, खाने की क्वॉलिटी में सुधार हो गया।

# भारत–आस्ट्रेलिया बॉक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न से न छीने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया के महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से अपील की है कि वह प्रतिष्ठित बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच को कोविड– 19 के चलते मेलबर्न शहर से कहीं और शिफ्ट न करे। इस साल भारत और ऑस्ट्रेलिया को यह टेस्ट मैच खेलना है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस का विक्टोरिया राज्य में कुछ ज्यादा ही प्रकोप देखने को मिल रहा है, जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी के लिए किसी अन्य विकल्प पर सोच रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस सप्ताह भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल घोषित करना है, इस दौरे पर टीम इंडिया को



यहां 4 टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। इस बार मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड को यह डर है कि कहीं उससे कोविड– 19 के चलते बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी न छिन जाए।

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज गेंदबाज शेन वॉर्न ने ट्वीट करते हुए लिखा, फुटबॉल के बाद क्रिकेट दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा खेले जाने वाला खेल है और ऑस्ट्रेलिया के खेल कैलेंडर में बॉक्सिंग डे टेस्ट सबसे बड़ा अवसर है। हमें इस साल इसे एमसीजी में ही रखने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दूं– मेलबर्न कप और एएफएल जीएफ (ऑस्ट्रेलिया फुटबॉल लीग) ऑस्ट्रेलिया में अगले बड़े कार्यक्रम हैं। इस बार टीम इंडिया का यह बहुप्रतीक्षित दौरा दिसंबर से शुरू होगा। पहली बार टीम इंडिया विदेशी जमीन पर डे–नाइट टेस्ट खेलेगी, जिसके एडिलेड या ब्रिसबेन में आयोजित होने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कैलेंडर के हिसाब से हर बार 26 दिसंबर को आयोजित होने वाला यह टेस्ट मैच परंपरागत रूप से मेलबर्न में ही खेला जाता है।

## पाकिस्तान के घरेलू क्रिकेटरों के सैलरी में बड़ी बढ़ोतरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की मंगलवार को घोषित संशोधित वेतन संरचना के अनुसार देश के शीर्ष घरेलू क्रिकेटर एक सत्र में इस खेल से 32 लाख पीकेआर (लगभग 14 लाख भारतीय रुपये) की कमाई कर सकते हैं, जिसमें डेढ़ लाख पीकेआर (लगभग 66 हजार भारतीय रुपये) मासिक रिटेनर भी शामिल है। बोर्ड ने 30 सितंबर से शुरू होने वाले सत्र से पहले नई वेतन संरचना घोषित की, जिसमें घरेलू खिलाड़ी 2019–20 सत्र की तुलना में कम से कम 7 प्रतिशत अधिक कमाई करेंगे। पीसीबी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, शीर्ष घरेलू क्रिकेटर अधिकतम 32 लाख पीकेआर की कमाई कर सकते हैं, जो पिछले सत्र की तुलना में 83 प्रतिशत अधिक है। इन खिलाड़ियों की न्यूनतम कमाई 18 लाख पीकेआर होगी, जो पिछले सत्र की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। बोर्ड ने बताया, ए प्लस वर्ग में आने वाले खिलाड़ियों को 12 महीने तक डेढ़ लाख पीकेआर का मासिक रिटेनरशिप मिलेगा। खिलाड़ियों को इसके अलावा राष्ट्रीय टी20 कप और पाकिस्तान कप के लिए प्रतिमैच 40,000 पीकेआर मिलेंगे, जबकि कायदे आजम ट्रॉफी के लिए उन्हें प्रति मैच 60,000 पीकेआर मिलेगा।

## न्यूज डायरी



### बोपन्ना–शापोवालोव की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके कनाडा के जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट अमेरिका ओपन के पुरुष युगल वर्ग सेमीफाइनल में जाने से चूक गए हैं। इस जोड़ी को तीसरे दौर के मैच में ज्यां जूलियन रोजर और होरिया टेकाउ की जोड़ी ने मात दी। इस जोड़ी ने बोपन्ना और शापोवालोव की जोड़ी को सीधे सेटों में 7–5, 7–5 से हराया। यह मैच 90 मिनट तक चला। विजयी जोड़ी अगले दौर में मैट पेविक और ब्रूनो सोरेस की जोड़ी का सामना करेगी। इसी हार के साथ भारत की इस टूर्नामेंट में चुनौती समाप्त हो गई है। दिविज शरण और सुमित नागल के बाद बोपन्ना इस टूर्नामेंट में इकलौते भारतीय थे। नागल को टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में हार मिली थी तो वहीं शरण और उनके सर्बिया के निकोला कैकिक को पुरुष युगल के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

### आईपीएल में किस ऐक्शन से बोलिंग करेंगे जसप्रीत बुमराह!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जसप्रीत बुमराह अलग हटकर चीजें करने के लिए जाने जाते हैं। उनके पास तमाम वैरिएशन हैं जो बल्लेबाजों को परेशान करती है। लेकिन मुंबई इंडियंस के ट्रेनिंग सेशन के दौरान उन्होंने कुछ और तीर तरकश से बाहर निकाले। जैसे उनका अपना गेंदबाजी ऐक्शन बल्लेबाजों को दिक्कत में डालने के लिए काफी न हो उन्होंने अतीत और वर्तमान दौर के कई गेंदबाजों के ऐक्शन की नकल की। मुंबई इंडियंस के ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया। बुमराह ने छह अलग–अलग गेंदबाजों के ऐक्शन की नकल की। हालांकि मुंबई इंडियंस ने किसी का नाम तो नहीं लिखा लेकिन देखकर लगा कि यह मुनाफ पटेल, ग्लेन मैक्ग्रा, मिशेल स्टार्क, केदार जाधव, श्रेयस गोपाल और अनिल कुंबले लग रहे थे। हालांकि यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता।

### कोहली और डि विलियर्स की टीम के बीच फुटबॉल मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। फुटबॉल बीते कुछ अर्से में वॉर्म–अप का अहम हिस्सा बन चुकी है। फिर चाहे वह टीम इंडिया की प्रैक्टिस हो या फिर फ्रैंचाइजी की। खिलाड़ी वॉर्म–अप के दौरान आपको फुटबॉल खेलते हुए नजर आ जाते हैं। मंगलवार को रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के स्ट्रेंथ ऐंड कंडीशनिंग कोच शंकर बसु ने बताया कि फुटबॉल बीते करीब छह सात साल से फ्रैंचाइजी के ट्रेनिंग का अहम हिस्सा है। फुटबॉल सेशन की बात करें तो बसु ने बताया कि पहले दिन जब पूरी टीम इकट्ठा होती है तो हम एक फुटबॉल मैच खेलते हैं। और इस बार पहले दिन के ट्रेनिंग सेशन में विराट कोहली के हॉट डॉग्स और एबी डि विलियर्स के कूल कैट्स के बीच मुकाबला हुआ। इस गेम में थोड़ा सा बदलाव किया गया था। इसमें कोई गोलकीपर नहीं था लेकिन एक डी था। बसु ने साफ किया कि टीम के हर साथी को आगे बढ़कर इसमें बराबर प्रतिस्पर्धी भाव से हिस्सा लेना था। खेल को वास्तविकता के करीब लाने के लिए डेल स्टेन को रेड कार्ड और मोहम्मद सिराज को येलो कार्ड दिखाया गया।

### यूएस ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचीं सेरेना विलियम्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने सोमवार को यूएस ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली। विलियम्स ने तीनों सेट में बेहद कड़े मुकाबले में 15 वरीयता प्राप्त ग्रीस की मारिया सक्कारी को मात दी। सेरेना और मारिया के बीच यह मैच 2 घंटे 28 मिनट तक चला। इस मैच में सेरेना ने एक और कीर्तिमान अपने नाम किया। वह ऑर्थर ऐश स्टेडियम में 100 मैच जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। इसे पहले कोई भी महिला या पुरुष खिलाड़ी ऐसा कारनामा नहीं कर पाया था। फ्लशिंग मीडोज के ऑर्थर ऐश स्टेडियम में हुए मुकाबले में सेरेना ने मारिया को 6–3, 6–7 (6द्8), 6–3 से हराया। आपको बता दें कि सेरेना विलियम्स इस मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट में जीत के बाद वह मार्गरेट कोर्ट के रेकॉर्ड की बराबरी कर लेंगी।